एक नजर

अवैध माइनिंग रोकने के लिए रात को दस्तक देनी होगी : डा. दहिया

पानीपत/कौशिक - जिला सचिवालय में उपायुक्त डा. विरेन्द्र कुमार दहिया ने जिला टास्क फोर्स (माइनिंग) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि अवैध माइनिंग को रोकने के लिए रात्रि के समय भी अधिकारियों को दस्तक देनी होगी। जहां जहां अवैध माइनिंग की संभावना है उन पर और चौकसी बरतनी होगी। उपायुक्त ने कहा कि बापौली- सनौली क्षेत्र में और अधिक चौकसी बरतने की आवश्यकता है। अधिकारी इन क्षेत्रों में चौक्कना रह कर कार्य करें। जहां पर ज्यादा अंधेरा रहता है उस जगह को चयनित कर वहां पर और चौकसी बढ़ाये। एक टीम गठित करके इस कार्य को अंजाम दें। पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि अवैध माइनिंग को रोकने के लिए और तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग को लेकर शिंकजा कसना होगा। इस मौके पर पुलिस विभाग के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में कार्यशाला

इसराना/वेद वशिष्ठ- उप मंडल इसराना के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल डाहर में यंग राइटर एडिटोरियल क्लब के तत्वाधान में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य राजेश कुमार डबास ने की व संचालन बिजेंद्र पाल व अनिल जागलान ने किया। प्राचार्य राजेश डबास ने कहा कि न्यूज पेपर ऐसा माध्यम है जो दुनिया में होने वाली घटनाओं व जानकारी से रूबरू कराता है। कार्यक्रम के दौरान क्लब के छात्र व स्टाफ सदस्यों को मुख्य वक्ता कुलदीप सिंह व चन्द्र सिंह द्वारा न्यूज पेपर के लिए न्यूज इकट्ठी करना, न्यूज बनाना से ले कर न्यूज पेपर की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। क्लब सदस्यों से आह्वान किया गया कि आज के दौर में अपने आपको अपडेट रखना जरूरी है। दुनिया के किस कौने में क्या घटित हो रहा है इसी जानकारी होना अवश्य है। इसके लिए सभी को रोजाना न्यूज पेपर पढ़ना चाहिए। कार्यशाला के माध्यम से सदस्यों को न्यूज इकट्ठी करने, प्रकाशित करने से ले कर सभी कार्य प्रणाली समझाई गई। इस मौके पर प्राचार्य राजेश कुमार डबास, अनिल जागलान, बिजेंद्र पाल, रेखा, संगीता के अलावा क्लब के सभी छात्र सदस्य मौजूद रहे।

2 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में करें मतदान : उत्तम सिंह

करनाल, (डा. हरीश चावला) - जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि आगामी 2 मार्च, 2025 को करनाल जिला में नगर निकाय चुनाव होने हैं। मतदाता अधिक से अधिक संख्या में मतदान के दिन अपने घरों से निकलें और मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करने की अपील भी की है।डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि करनाल जिला में जहां-जहां चुनाव है, वहां सभी बूथ पर जिला प्रशासन करनाल की ओर से आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। सभी पोलिंग बूथ पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथ पर अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात होंगे, वहां पुलिस की पैनी नजर रहेगी। इसके अतिरिक्त सभी बूथ पर पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था की गई है। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल नगर निगम के 20 वार्डों में कुल 3 लाख 1 हजार 915 मतदाता हैं।

एक नहीं सभी ट्रेड यूनियनों से बातचीत करे सरकार : का. राजेंद्र सिंह

समालखा/कौशिक-केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष का. राजेंद्र सिंह एडवोकेट एवं सचिव का. हरिप्रकाश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मांग की है कि प्रदेश में कार्यरत सभी ट्रेड यूनियन संगठनों एवं यूनियनों के प्रतिनिधियों को बुलाकर उनसे संबंधित समस्याओं एवं मांगों पर चर्चा कर समाधान का रास्ता निकाले। का.राजेंद्र सिंह ने कहा कि मालूम हुआ है कि मुख्यमंत्री एक मार्च को केवल एक ट्रेड यूनियन से वार्ता करने जा रहे हैं। अगर सरकार की सोच वास्तव में प्रदेश के श्रमिकों, निर्माण मजदूरों, स्कीम वर्कर्स समेत अन्य संगठित व असंगठित मजदूरों के हित में है तो मुख्यमंत्री को सभी ट्रेड यूनियन संगठनों एवं यूनियनों के प्रतिनिधियों को बुलाकर बातचीत करनी चाहिए।

नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल में विशेष प्रायोगिक कार्यशाला

कुरुक्षेत्र/दुग्गल। नवयुग सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान विभाग द्वारा विशेष प्रायोगिक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को विभिन्न प्रकार के प्रयोग करके दिखाए गए। अध्यापिका कोमल ने बच्चों को पानी के माध्यम से कागज पर बने तीर की दिशा में परिवर्तन, पानी से भरे गिलास में सेफ्टी पिन डालना, फूले हुए गुब्बारे से मोमबत्ती को बुझाना, बोतल के अंदर गुब्बारे को फूलना, छलनी में से पानी न गिरना आदि प्रयोग करके दिखाए तथा उनके बारे में विस्तार से बताया। अध्यापिका अंजली ने खाने में कार्बोहाइड्रेट एवं प्रोटीन की जांच, मोमबत्ती जलाने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता आदि प्रयोग करके दिखाए तथा उनके बारे में विस्तार से बताया। अध्यापिका स्मृति ने एसिड बेस सूचक, जल का घनत्व, यूनिवर्सल इंडिकेटर, अपवर्तन आदि प्रयोग करके दिखाए तथा उनके बारे में विस्तार से बताया। यह कार्यशाला उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा की देख रेख में संपूर्ण हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा ने कहा कि इस वर्ष नेशनल साइंस डे की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व हेतु भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। हर साल 28 फरवरी का दिन भारत में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

आर्य कालेज में मनाया गया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

पानीपत/कौशिक - आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज भौतिकी और इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नैनो.टेक्नोलॉजी, रोबॉटिक्स आदि विज्ञान से जुड़े विषयों पर पोस्टर प्रजेंन्टेशन एवं पावरपॉइंट प्रजेंन्टेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में बीपीएस महिला विश्वविद्यालय से भौतिकी विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रो. डा. शीला देवी मलिक ने शिरकत की। मुख्य अतिथि का प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया व कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ.शिखा गर्ग सहित अन्य सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने बताया की भारत के महान वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता सीवी रमन द्वारा रमन इफेक्ट की खोज की गई थी। उन्होंने विद्यार्थियों को सर सीवी रमन की तरह अपने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने और अपने क्षेत्र में और अधिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ.शीला देवी मलिक ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारतीय वैज्ञानिकों के सम्मान में मनाया जाता है।

कांग्रेस से भाजपा में गए अशोक का पलटवार

बोले, अगर हम नकली हैं, तो जो चुनाव लड़ रहे हैं, क्या वह असली हैं

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

भाजपा नेता अशोक खुराना।

करनाल (डा. हरीश चावला) - करनाल में भाजपा में शामिल होने के बाद कांग्रेस से जुड़े कई सवालों का जवाब देते हुए अशोक खुराना ने कहा कि भाजपा सभी वर्गों को साथ लेकर चल रही है और किसी भी तरह की जात-पात की राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई नेता इस तरह की बातें कर रहा है, तो वह पूरी तरह गलत है। खुराना ने अपने भाजपा में शामिल होने को लेकर उठे सवालों पर भी सफाई दी और कांग्रेस छोड़ने के पीछे की वजहों पर खुलकर बोले।मनोज वधवा द्वारा उनपर आरोप लगाया था कि अशोक खुराना ने उनकी पीट में छुरा घोपा है, मनोज वधवा के नामांकन वाले दिन उनके साथ थे और बाद में भाजपा में शामिल हो गए। इस पर उन्होंने स्पष्ट किया कि वे उस दिन कहीं भी मौजूद नहीं थे। खुराना ने कहा कि जब मनोज वधवा के नाम की टिकट फाइनल हुई, तब मैं दिव्यांशु बुद्धिराजा के घर पर था। वहीं मुझे पता चला कि टिकट मनोज वधवा को मिल गई है। उसी वक्त मैंने दिव्यांशु से हाथ जोड़कर कहा कि अब मेरा कांग्रेस में कोई काम नहीं और मैं चला गया। उसके बाद न तो मैं किसी के साथ गया और न ही मैंने मनोज वधवा को कभी यह भरोसा दिया था कि तुम टिकट लो, मैं तुम्हारी मदद करूंगा। खुराना ने कहा कि उन्होंने पहले ही एक बैठक में स्पष्ट कर दिया था कि अगर उन्हें टिकट नहीं मिली, तो वह कांग्रेस का साथ छोड़ देंगे। उन्होंने कहा कि जब मैंने अपनी मंशा पहले ही साफ कर दी थी, तो इस तरह के आरोप बेबुनियाद हैं। भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेसियों को 'आर्टिफिशियल ज्वैलरी' कहे जाने पर खुराना ने तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि अगर हम नकली हैं, तो जो चुनाव लड़ रहे हैं, क्या वे असली हैं? पहले उनकी पृष्ठभूमि देखो। मनोज वधवा पहले इनेलो में थे, इनेलो ने उन्हें टिकट दी, नाम चमकाया और सम्मान दिया। फिर उन्होंने इनेलो छोड़ दी। इसके बाद कांग्रेस का समर्थन लेकर निर्दलीय मेयर का चुनाव लड़ा। जब हार गए, तो प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस की बुराई कर दी। फिर वे भाजपा में चले गए, वहां भी कुछ दिन रहकर कांग्रेस में आ गए। अब बताइए, कौन आर्टिफिशियल ज्वैलरी है? खुराना ने कांग्रेस छोड़ने के पीछे संगठन और अनुशासन की कमी को बड़ी वजह बताया। उन्होंने कहा कि मैंने 34 साल कांग्रेस को दिए और पूरा जीवन वहां बिताया, लेकिन मेहनत का कोई परिणाम नहीं मिला। कांग्रेस में न संगठन है, न अनुशासन और न कोई सिस्टम। जब भी कांग्रेस के नेता एकत्रित होते हैं, तो सिर्फ प्रैस कॉन्फ्रेंस के लिए आते हैं। चुनाव प्रचार में तो वे कहीं नजर ही नहीं आते।

पेड़ हमारे जीवन का आधार हैं : एसडीएम

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित एसडीएम विरेन्द्र सिंह।

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

सिवानी मंडी/मनोहर लाल असीजा - राजकीय माडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल में वन विभाग की तरफ से शुक्रवार को प्रकृति शिक्षा भ्रमण प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीएम विरेन्द्र सिंह बतौर मु य अतिथि शामिल हुए । प्रशिक्षण में बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक कर अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना है। एसडीएम विरेन्द्र सिंह ने प्रशिक्षण शिविर में पेड़ों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है। पेड़ो व पानी के बिना मानव जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। आज के समय में विज्ञान निरंतर तरक्की कर रहा है। विज्ञान के साथ -साथ हमें पर्यावरण से जुड़े रहना मु य ध्येय होना चाहिए है । मानव जीवन में प्रकृति का अपना महत्व है। औषधिय पोधे हमें, न केवल जीवन दान देते हैं । इनका पर्यावरण संरक्षण में भी अहम योगदान है।उन्होंने बताया कि पौधा रोपण के प्रति जागरूकता लाने के लिए अपने आस पड़ोस में खाली पड़ी जगह में पेड़ लगाए व ज्यादा से ज्यादा लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें।वन विभाग बारिश के दिनों में निःशुल्क पौधे मुहैया करवाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमें निरंतर प्रोत्साहन दे रहा है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण के प्रति सजग रहकर ही सच्चे पर्यावरण प्रहरी बन सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई।

फोरमैन देवी सिंह सैनी सेवानिवृत

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

पानीपत/कौशिक- बिजली विभाग में कार्यरत कुराड़ निवासी कर्मचारी देवी सिंह सैनी अपनी 32 साल की नौकरी के बाद आज सेवा निवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति पर जहां साथी कर्मचारियों ने गांव छाजपुर स्थित बिजली घर में उनकी विदाई पार्टी दी। वहीं परिजनों ने कर्मचारियों के लिए देवी सिंह सैनी के गांव कुराड़ स्थित निवास पर भोजन का प्रबंध किया। बिजली घर में आयोजित विदाई समारोह में देवी सिंह सैनी को पगड़ी पहनाकर सम्मानित करते हुए एसडीओ यादविंद्रा ने कहा कि देवी सैनी ने बिजली विभाग में बतौर लाइनमैन नौकरी शुरू की थी। उन्होंने 32 साल तक विभाग में ईमानदारी के साथ काम करते हुए आज फोरमैन के पद से सेवानिवृति ली है। उन्होंने देवी सिंह को भविष्य में भी इसी ईमानदारी से समाजसेवा करने को कहा।

एसडीएम ने टीम के साथ किया नैशनल हाईवे का दौरा

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

नरवाना : एसडीएम जगदीश चंद्र अधिकारियों की टीम के साथ दौरा करते हुए।

नरवाना, (नरेन्द्र जेठी) - एसडीएम जगदीश चंद्र ने अधिकारियों की टीम के साथ शहर की मुख्य सड़क विशेषकर नैशनल हाईवे का दौरा किया और यातायात की सुगमता में अव्यवस्थाओं की वजह से आ रही बाधाओं पर कड़ा संज्ञान लिया । एसडीएम ने नेशनल हाईवे के टीम प्रभारी को सख्त हिदायत दी कि आमजन के लिए नैशनल हाईवे पर नॉर्म्स के अनुसार यातायात आवागमन हर हाल में बनी रहनी चाहिए। रोड पर जगह-जगह बने गड्ढों, अनाधिकृत रूप से मानवकृत कब्जों, बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर रोड पर निश्चित दायरे से बाहर लगने वाली रेहड़ियों तथा गलत तरीके से रोड़ पर ही वाहन पार्किंग की वजह से होने वाली यातायात बाधा से यदि कोई सड़क हादसा या हादसा की आशंका बनती है तो इसके लिए पूर्णतया संबंधित विभाग जिम्मेदार रहेगा। लिहाजा इस प्रकार की तमाम अव्यवस्थाओं को विभाग फ़ौरी तौर पर दुरुस्त करें ताकि आमजन को सड़क पर चलते वक्त कोई असुविधा न बने और सड़क हादसों से होने वाली जान माल की हानि से बचा जा सके। एसडीएम ने सख्त निर्देश दिए कि इसे संबंधित विभाग सर्वोच्च प्राथमिकता से ले। एसडीएम ने सड़क किनारे कई जगह उगी हुई झाड़ियों को भी तुरंत प्रभाव से साफ करवाने के लिए भी कहा। साथ ही रोड पर जगह-जगह टूटे हुए सीवरेज व नाले के ढक्कन लगवाने और साफ सफाई करवाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा पुराना बस स्टैंड स्थित सामूहिक शौचालय की भी मरम्मत करवा कर दोबारा से चालू करवाने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों को भी निर्देश दिए । ऐसे दुकानदार जिन्होंने नाजायज़ तरीके से अपना सामान दुकानों के बाहर सड़क पर रखते हैं और सड़क पर ही फलों की रेहड़िया लगवाते हैं । उन सभी को नगर परिषद हटाने का नोटिस जारी करें । इसके बाद भी जो दुकानदार नोटिस की पालना न करें उनके खिलाफ नगर परिषद सख्त कार्रवाई करें। इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता नगर परिषद सतीश गर्ग, सचिव नगर परिषद संदीप कुमार, एनएचएआई टीम प्रभारी सुशील गौड़, एसडीओ जन स्वास्थ्य विभाग नवीन मुंडे व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य सचिव ने साक्ष्य संबंधी जारी किए निर्देश

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

चंडीगढ़/धरणी- हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने राज्य में कार्यरत पब्लिक सर्वेंट्स को न्यायालय कार्यवाहियों में साक्ष्य प्रस्तुत करने और बतौर गवाह उपस्थित होने के लिए ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम का उपयोग करने के संबंध में व्यापक निर्देश जारी किए हैं। ये निर्देश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के प्रावधानों के अनुरूप हैं, जो गवाहों की जांच और व्यक्तियों की न्यायालय में उपस्थिति को आधुनिक ऑडियो-वीडियो तकनीक के माध्यम से सुगम बनाते हैं। इस तकनीक-आधारित पहल का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, प्रबंध निदेशकों और बोर्डों एवं निगमों के मुख्य प्रशासकों को लिखे पत्र में श्री रस्तोगी ने इन निर्देशों का अक्षरशः और कड़ाई से पालन करने पर बल दिया है। पत्र के अनुसार राज्य सरकार के सभी संबद्ध अधिकारी और कर्मचारी यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि उनकी आधिकारिक क्षमता में साक्ष्य प्रस्तुति या गवाह के रूप में जांच ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से हो। अधिकारियों/कर्मचारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का प्रबंधन करने वाले न्यायालय अधिकारी या संबंधित लोक अभियोजक के साथ सक्रिय रूप से समन्वय स्थापित करना होगा ताकि उनकी गवाही सुचारू रूप से संपन्न हो सके। यदि कोई न्यायालय सरकारी अधिकारी/कर्मचारी की साक्ष्य प्रस्तुति के लिए भौतिक उपस्थिति अनिवार्य करता है, तो संबंधित व्यक्ति को अपने कार्यालय प्रमुख से पूर्व अनुमति लेनी होगी। उसे ऐसी उपस्थिति के विस्तृत कारण और औचित्य का उल्लेख भी करना होगा। कार्यालय प्रमुख भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता का मूल्यांकन करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि अनुमति नियमित या यांत्रिक रूप से न दी जाए। बिना अनुमोदन के अनधिकृत भौतिक उपस्थिति के लिए कोई यात्रा भत्ता (टीए) और महंगाई भत्ता (डीए) नहीं दिया जाएगा। साथ ही उसके खिलाफ संबंधित सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 336 के तहत, यदि किसी पब्लिक सर्वेंट द्वारा तैयार किया गया दस्तावेज या रिपोर्ट साक्ष्य के रूप में उपयोग की जानी है, तो बयान के समय उसी पद पर कार्यरत परवर्ती अधिकारी, न्यायालय के निर्देश पर, मूल अधिकारी की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। यह भी ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से किया जा सकता है।

कृषि मंत्री राणा व सांसद नवीन जिन्दल ने किया चुनावी संपर्क

मतदाताओं से की भाजपा के समर्थन की अपील

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

यमुनानगर मेहता - रादौर, कांसापुर व फर्कपुर में भाजपा की नगर निगम की मेयर प्रत्याशी सुमन बहमनी, नगरपालिका अध्यक्ष रादौर एवं नगर पार्षदों के पक्ष में चुनाव प्रचार अभियान के तहत हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा और कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल ने शहरवासियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। चुनावी संपर्क अभियान को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में सभी नगर निगम, नगर परिषद व नगरपालिका के चुनावों में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत हासिल कर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों पर जनता का पूर्ण विश्वास है, और यह विश्वास निकाय चुनावों में भी कमल खिलाने का काम करेगा। रादौर के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में शहर में कई नए विकास कार्य शुरू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रादौर के विकास के लिए हरसंभव सहायता देने को तैयार हैं, इसलिए इस मौके का पूरा लाभ उठाना चाहिए। श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग का सम्मान करती है और बिना किसी भेदभाव के सभी को साथ लेकर चलती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे हर मतदाता तक पहुंचकर भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए मेहनत करें। चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि रादौर शहर को स्वच्छता और विकास के मामले में आगे बढ़ाना प्राथमिकता है और इसके लिए सभी को मिलकर सहयोग करना होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव केवल नगरपालिका अध्यक्ष और पार्षदों का नहीं, बल्कि हर नागरिक के भविष्य और शहर के सौंदर्यीकरण से जुड़ा हुआ है। फर्कपुर में नगर निगम वार्ड नंबर 21 से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजीत कौर और वार्ड नंबर 30 से प्रत्याशी विक्रम राणा के समर्थन में आयोजित जनसभा को कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल ने संबोधित किया और मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके साथ ही यमुनानगर नगर निगम वार्ड नंबर 18 से पार्षद पद के भाजपा प्रत्याशी उज्जवल ठाकुर के समर्थन में भी सांसद नवीन जिन्दल ने चुनावी जनसभा के दौरान जनता से भाजपा को विजयी बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा भी मौजूद रहे।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शॉल टॉवर, प्लाट नं. 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

निम्नलिखित ऋणदाता(ओं) ने आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा(यों) के लिए मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है। ऋण(ों) को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति(ओं) (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर एक नोटिस जारी किया गया था। हालाँकि, यह तामील नहीं हुआ है और इसलिए उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	ऋणदाता/सह ऋणदाता/ ग्रांटर का नाम/ (ऋण खाता नं.) एवं पता	इनफोसर्ड सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण	सूचना की तिथि पर जैसे भेजी/आउट स्टैंडिंग सूचना की तिथि	एनपीए तिथि
1.	अंकित गोयल, साजन गोयल, सुमित्रा देवी, गली नं. 4, तफजलपुरा, बाबा दीप सिंह नगर, पटियाला, पंजाब-147001, A/c No. LBPAT00005721815	3-1/3 मरले (100 वर्ग गज) का मकान 3-1/3/654 संपत्ति का हिस्सा है जिसका क्षेत्रफल 32 कनाल 14 मरले है, जो खेवट खाता संख्या 736/1501, खसरा संख्या 46//21(7-16), 22/1(6-14), 22/2(1-8), 23(8-0), 24/1(6-16), 51//5(1-4), 6/2(0-16) में आता है, जमाबंदी वर्ष 2013-2014 के अनुसार, गांव तफजलपुरा, बाबा दीप सिंह नगर, तहसील और जिला पटियाला, पंजाब - 147001 में स्थित है। सेल डीड वसीका संख्या 2019-20/11/1/4143, दिनांक 15.03.2019 अनुसार सुमित्रा देवी के नाम पर खड़ी है, दिनांक 21/06/2019.	08/02/2025 रु. 14,80,060.52/-	18/09/2024

नोटिस की प्रतिस्थापित तामील के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त ऋणदाता/ों और/ या उनके ग्रांटरों को सूचना जारी करने की तिथि से 60 दिनों के भीतर-भीतर खड़ी अदायीगियों की (जहां भी लागू हो) हिदायत की जाती है, वरना सुरक्षित इंट्रेस्ट अधिनियम 2002 के वित्तीय सम्पत्तियों और प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण और विनिर्माण के प्रावधानों अनुसार उपरोक्त जारी सूचना अवधि की समाप्ति के पश्चात अगले स्टैप्स लागू होंगे।

तिथि: मार्च 01, 2025, स्थान: चंडीगढ़ (हरियाणा)

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

भौतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड प्लॉट नंबर 23, शाल टॉवर, तीसरी मंजिल, नई रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली- 110005

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा भौतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ भौतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	जगदम्बे टिम्बर एंड आयरन स्टोर/अजय गोयल/कोमल गोयल/662405500258	वाणिज्यिक संपत्ति/दुकान यूनिट नंबर बी-2/252एच में स्थित, पीपीआईडी नंबर 365सी20यू3298, म्यूनिसीपल कॉर्पोरेशन यमुनानगर के अंतर्गत, पुरानी सब्जी मंडी जगाधरी यमुनानगर हरियाणा/ फरवरी 25, 2025	अक्टूबर 09, 2023 रु. 31,14,650.00/-	जगाधरी

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार(रों)/सह-कर्ज़दार(रों) एवं ज़मानतदार(रों) को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् कब्जे की संपत्ति(याँ) नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मार्च 01, 2025
स्थान : जगाधरी

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया

शाखा कार्यालय: शांति काम्प्लैक्स, पहली मंजिल बिल्डिंग नं. 4307/12-14, जगाधरी रोड, सिविल अस्पताल के सामने अम्बाला कैंट-133001

निजी संधि के माध्यम से अचल संपत्ति की बिक्री हेतु सूचना

सुरक्षा हित (प्रवर्तन) 2002 के नियम 9 (1) r/w नियम 8(8) के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों और प्रवर्तन की सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के अन्तर्गत निजी संधि के माध्यम से अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईसीआईसीआई एचएफसी) ने नीचे उल्लिखित गिरवी संपत्ति की बिक्री के लिए कई नीलामी आयोजित कीं, हालांकि, ऐसी सभी ई-नीलामीयां विफल रहीं। अब, एक इच्छुक खरीददार ने उक्त संपत्ति को 13,77,628/- रुपये की राशि में खरीदने की पेशकश के साथ आईसीआईसीआई एचएफसी से संपर्क किया है, इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता और ग्रांटर को नोटिस दिया जाता है। कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका **भौतिक** आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, जिसकी 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता (ों)/सह ऋणदाताओं/ग्रांटरों/ कानूनी वारिसों के नाम ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत / जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय	नीलामी तिथि से एक दिन पहले	सरफेसी स्टेज
1.	पंकज जैन (ऋणदाता) पीयूष जैन, (सह ऋणदाता) सुमन रानी (सह ऋणदाता) ऋण खाता नं. LHAMB00001344281 LHAMB00001344282	मकान नं. 61 बी, खेवट नं. 215, खतौनी नं. 307, खसरा नं. 36//21/15, वशिष्ठ नगर में स्थित, गांव बबयाल, तहसील अम्बा